आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 21.11.2024

<u>मुख्य समाचारः—</u>

1— नवा रायपुर में आज से ''सुशासन'' विषय पर शुरू हुआ दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन—वित्त मंत्री ने किया उद्घाटन।

2— राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र में जनजातीय वर्ग के लोगों के रोजगार और सुविधाओं की समीक्षा की।

3— सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा की—पंद्रह फरवरी से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं।

4— राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' लॉन्च किया।

<u>गुड गवर्नेंस—सम्मेलन</u>

नवा रायपुर में आज से ''सुशासन'' विषय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन की शुरूआत हुई। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन में देशभर से डेढ़ सौ प्रतिनिधियों सहित छत्तीसगढ़ के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शामिल हो रहे है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि सुशासन विकास के लिए महत्वपूर्ण कारक है। इससे न केवल देश का सुव्यवस्थित विकास होता है, बल्कि यह नागरिकों के जीवन को भी बेहतर बनाता है।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के अतिरिक्त सचिव पुनीत यादव ने बताया कि इस सम्मेलन में सुशासन से संबंधित विषयों पर विचार—विमर्श किया जा रहा है।

दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन कल होगा, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के राज्यमंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह शामिल होंगे।

<u>अंतर सिंह आर्य—बीएसपी</u>

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज दुर्ग जिले का दौरा किया। इस दौरान वे भिलाई इस्पात संयंत्र पहुंचे और जनजातीय वर्ग के लोगों को संयंत्र में उपलब्ध कराए जा रहे रोजगार तथा सुविधाओं की समीक्षा की। श्री आर्य ने बताया कि वे पूरे देश की विभिन्न संस्थानों में जाकर इस बात की जानकारी ले रहे हैं कि आदिवासियों के लिए भारतीय संविधान में निर्धारित रोस्टर का पालन हो रहा है या नहीं। साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा आदिवासी वर्ग के हित के लिए बनाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है या नहीं।

श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे आदिवासियों का विकास हो सकता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आदिवासी ब्लॉक में पांच से छह एकलव्य आवासीय आश्रम होने चाहिए। वर्तमान में पूरे देश में चार सौ छिहत्तर एकलव्य आवासीय आश्रम के निर्माण का कार्य चल रहा है।

सीबीएसई–परीक्षा तिथि

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। बोर्ड परीक्षाएं पंद्रह फरवरी से शुरू होंगी। दसवीं की परीक्षाएं अट्ठारह मार्च को, जबकि कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं चार अप्रैल को सम्पन्न होंगी। विद्यार्थी इस परीक्षा की समय–सारिणी सीबीएसई की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

तोखन साहू–किसान अपील

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्यमंत्री तोखन साहू ने आज अपने पंजाब प्रवास के दौरान मोगा में किसानों को पराली जलाने के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया। वे खेत में किसानों के बीच पहुंचे और किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने किसानों से कहा कि वे नई तकनीक अपनाकर प्रदूषण से बचाव सुनिश्चित कर सकते हैं।

इस दौरान श्री साहू ने पारंपरिक जल निकासी और सिंचाई प्रणालियों का भी निरीक्षण किया।

हाईकोर्ट–सड़क

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में प्रदेश की बदहाल सड़कों पर दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रदेश की खस्ताहाल सड़कों और सड़क हादसों को लेकर राज्य सरकार से अट्ठाईस जिलों की रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने इसके लिए सरकार को सत्रह दिसंबर तक का समय दिया है। प्रदेश में सड़क की स्थिति को लेकर मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। बेंच ने राष्ट्रीय राजमार्गों की पैच रिपेयरिंग पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि भारी यातायात के बावजूद टोल के जरिए राजस्व तो अर्जित किया जा रहा है, लेकिन सड़कों की मरम्मत में लापरवाही बरती जा रही है। सुनवाई के दौरान, सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमाव और दुर्घटनाओं में उनकी मौत के मामलों पर भी चर्चा हुई।

प्रसार भारती–वेव्स

राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' लॉन्च कर दिया है। गोवा में पचपनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी के उद्घाटन समारोह में इसका अनावरण किया गया। डिजिटल स्ट्रीमिंग सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ ही वेव्स का उद्देश्य आधुनिक डिजिटल रूप में पुरानी यादों को ताजा करना है। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि वेव्स अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म की तुलना में अनूठा है।

भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में तैंतालीसवें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला स्थल पर कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य दिवस समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने गौरा–गौरी, भोजली, राउत नाचा, सुआ, और पंथी जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

एकलव्य आदर्श विद्यालय–खेल प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़ इस बार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा। यह प्रतियोगिता चौदह से बीस दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में पंद्रह एकल और युगल तथा सात सामूहिक खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पच्चीस राज्यों के छह हजार से अधिक खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की संभावना है। आदिम जाति विकास

विभाग के प्रमुख सचिव  सोनमणि बोरा ने आज नवा रायपुर में को–ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक लेकर प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की।

वहीं, गोवा में पंद्रह से सत्रह नवंबर तक आयोजित एशियन थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर कोरबा लौटे खिलाड़ियों ने श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात की। प्रतियोगिता में कोरबा के हार्दिक दुरेजा और विशाल कुमार साहू ने स्वर्ण पदक तथा मुस्कान जायसवाल ने रजत पदक जीता है। इस प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, कंबोडिया, वियतनाम समेत अन्य देशों के तीन सौ खिलाड़ी शामिल हुए।

<u>सतीश चंद्र वर्मा–याचिका खारिज</u>

नागरिक आपूर्ति निगम–नान घोटाला मामले में पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका रायपुर की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। इस मामले की कल हुई सुनवाई के बाद एडीजे निधि वर्मा ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। ईओडब्ल्यू ने पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा और आलोक शुक्ला के साथ ही पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

<u>हाथी–शव</u>

रायगढ़ जिले में छाल वन परिक्षेत्र के हाटी गांव में तालाब के पास हाथी के शावक का शव मिला है। शावक की उम्र तीन से चार महीने की बताई जा रही है। वन विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई है।

वहीं, कोरिया जिले में बैकुंठपुर वनमंडल के कई गांवों में ग्यारह हाथियों के दल द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने की खबर मिली है। हाथियों का यह दल कांदाबाड़ी के जंगल में देखा गया है। वनमंडलाधिकारी प्रभाकर खलखो ने ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी है। साथ ही हाथियों के सामने पटाखे नहीं फोड़ने और पत्थर न चलाने की समझाईश भी दी है।

<u>गांजा तस्करी–सिपाही बर्खास्त</u>

पिछले दिनों गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार जीआरपी के चार सिपाहियों को रेलवे पुलिस ने बर्खास्त कर दिया है। गौरतलब है कि गांजे की तस्करी के खुलासे के बाद पुलिस ने इन चार जवानों को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि तस्करी के लिए इन जवानों ने अपने रिश्तेदारों के नाम पर पैंतालीस बैंक खाते खोले थे, जिसमें करीब पंद्रह करोड़ रूपये के लेनदेन का भी पता चला है। इस मामले की जांच बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह कर रहे हैं।

<u>माओवादी मुठभेड़</u>

छत्तीसगढ़–ओडिशा सीमा पर आज माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ होने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार मल्कानगिरी जिले के जिनेलगुड़ा गांव के पास शबरी नदी पार कर माओवादी ओडिशा से छत्तीसगढ़ में दाखिल हो रहे थे। तभी जवानों ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान हुई गोलीबारी में ओडिशा पुलिस का एक जवान घायल हो गया है।

गरियाबंद जिले के अमाढ़ जंगल में आज पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस ने एक सिंगल शॉट रायफल, नक्सल साहित्य और अन्य सामग्री बरामद की है।

बिलासपुर रेलवे–उन्नयन कार्य

बिलासपुर रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। स्टेशन परिसर में आधुनिकीकरण और उन्नयन का कार्य तेज गति से चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान यात्रियों को आवागमन और टिकटिंग से संबन्धित किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो, इसलिए अस्थायी रूप से रेल प्रशासन द्वारा बदलाव किए जा रहे हैं। इसके तहत गेट नंबर–तीन को नये स्टेशन भवन के निर्माण तक अस्थायी तौर पर बंद किया जाएगा। यात्रियों के आवागमन के लिए गेट नंबर–एक और दो चालू रहेगा। साथ ही गेट नंबर–चार से सीमित संख्या में यात्रियों का आवागमन हो सकेगा। यात्री आरक्षण केंद्र को अस्थायी रूप से टीटीई विश्राम गृह के पीछे स्थित स्काउट गाइड विंग में स्थानांतरित किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

– बलौदाबाजार हिंसा मामले में केंद्रीय जेल रायपुर में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई अब पच्चीस नवंबर को होगी।

– एंटी करप्शन ब्यूरो ने मनेंद्रगढ़–चिरमरी–भरतपुर जिले में रिश्वत लेने के आरोप में एक एसईसीएल के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों पर एक ठेकेदार से ग्यारह हजार रूपये की रिश्वत मांगने का आरोप है।

– वहीं, एसीबी की टीम ने कल कोरबा जिले के बाकीमोंगरा में रिश्वत लेने के आरोप में राजस्व निरीक्षक और पटवारी को गिरफ्तार किया है।

– रायपुर जिले के माना थाना परिसर में पुलिस ने जब्त की गई तैंतीस हजार लीटर से अधिक अवैध शराब को बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>